राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | गुरूवार, 19 फरवरी 2026 | कीमत : 1 रुपए

5 रोड प्रोजेक्ट की स्वीकृति पर सियासी खींचतान, भाजपा बोली—हमारे प्रयास, कांग्रेस भी कर रही दावा, भाजपा नेता विकास आर्य और विधायक मोंटू सोलंकी दोनों ने जताया श्रेय

बजट में 5 सड़कें मंजूर, अब श्रेय को लेकर भाजपा बनाम कांग्रेस आमने-सामने

रमन बोरखड़े, सेंधवा

सेंधवा विधानसभा क्षेत्र में 5 सड़कों को बजट में स्वीकृति मिली है। कुंडिया से मेदलियापानी तक 4 किमी नवीन निर्माण और चार मार्गों के संधारण कार्य मंजूर हुए। भाजपा नेता विकास आर्य ने इसे पार्टी प्रयास बताया, वहीं विधायक मोंटू सोलंकी ने अपनी मांग का परिणाम कहा।





मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय बजट में सेंधवा विधानसभा क्षेत्र की 5 महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में इन सड़कों के निर्माण एवं संधारण कार्यों को मंजूरी दी गई है। इसमें ग्राम कुंडिया से मेदलियापानी मार्ग (4 किमी) का नवीन निर्माण शामिल है, जबकि शेष 4 सड़कों को संधारण (मेंटेनेंस/सुधार कार्य) हेतु स्वीकृति मिली है।

बजट में शामिल सड़कें और अनुमानित लागत

बजट में शामिल सड़कों में ग्राम कुंडिया से मेदलियापानी मार्ग 4 किमी नवीन निर्माण, वरला-बाखरली मार्ग 5.80 किमी संधारण कार्य, हिंगवा-वरला मार्ग 4.97 किमी संधारण कार्य, पाड़छा पहुंच मार्ग 5 किमी संधारण कार्य और हिंगवा पहुंच मार्ग 3 किमी संधारण कार्य शामिल हैं।

आवागमन, किसानों और सेवाओं को लेकर उम्मीद

इन सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने की बात कही गई है। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों को विद्यालय एवं महाविद्यालय आने-जाने में राहत मिलेगी। आमजन को स्वास्थ्य, बैंकिंग एवं प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। विशेषकर बरसात के मौसम में वर्षों से बनी आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

- 1- ग्राम कुंडिया से मेदलियापानी मार्ग - 4 किमी (नवीन निर्माण) अनुमानित लागतः 6 लाख
- 2- वरला-बाखरली मार्ग - 5.80 किमी (संधारण कार्य) अनुमानित लागतः 4.06 करोड़
- 3- हिंगवा-वरला मार्ग - 4.97 किमी (संधारण कार्य) अनुमानित लागतः 3.73 करोड़
- 4- पाड़छा पहुंच मार्ग - 5 किमी (संधारण कार्य) अनुमानित लागतः 3.75 करोड़
- 5- हिंगवा पहुंच मार्ग - 3 किमी (संधारण कार्य) अनुमानित लागतः 1.80 करोड़

भाजपा नेता विकास आर्य का दावा

इस विषय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता विकास आर्य ने कहा कि इन सड़कों को लेकर भाजपा नेता विगत कई दिनों से निरंतर प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय जनता की मांग और भाजपा नेताओं के सतत प्रयासों के फलस्वरूप मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

विकास आर्य ने कहा कि एक ओर कांग्रेस विधायक प्रदेश सरकार को 'निकम्मी सरकार' कहकर निंदा करते हैं, वहीं दूसरी ओर जब भाजपा सरकार जनहित के कार्यों को स्वीकृति देती है तो उसका श्रेय लेने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता भली-भांति जानती है कि विकास कार्य किसके प्रयासों से स्वीकृत हुए हैं।

विधायक मोंटू सोलंकी ने बताया अपनी मांग का परिणाम

विधायक मोंटू सोलंकी द्वारा इन सड़कों की मांग विधानसभा के भीतर और बाहर प्रमुखता से उठाई जाती रही है। विधायक ने विधानसभा में प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण के माध्यम से विषय उठाया तथा मुख्यमंत्री एवं संबंधित मंत्री को पत्र लिखकर सड़क निर्माण एवं संधारण के लिए आग्रह किया था।

विधायक मोंटू सोलंकी ने बताया कि दिसंबर 2023 में के विधानसभा सत्र में मेरे द्वारा ग्राम कुंडिया से मेदलियापानी तक 4 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु प्रश्न लगाकर मांग रखी गई थी। वर्षों पुरानी इस मांग को अब शासन द्वारा नवीन निर्माण कार्य के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है।

विधायक ने जनता का आभार जताया

विधायक मोंटू सोलंकी ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेंधवा विधानसभा का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यक मांगों को शासन स्तर तक मजबूती से उठाया जाएगा और विकास कार्यों को निरंतर गति दी जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी का माहौल

बजट में इन सड़कों को शामिल किए जाने से संबंधित ग्रामों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से इन मार्गों की स्थिति खराब थी, जिससे आवागमन में कठिनाई होती थी। अब निर्माण और संधारण कार्य से क्षेत्र के विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

भाजपा ने इसे जनहितैषी सोच का प्रमाण बताया

भाजपा नेताओं ने इसे प्रदेश सरकार की जनहितैषी सोच का प्रमाण बताते हुए कहा कि आगे भी सेंधवा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी रहेगी।

नया बस स्टैंड क्षेत्र में दुकान के बाहर लगी आग, सब्जी ठेला जला

जनोदय पंच। सेंधवा। शहर के नया बस स्टेशन क्षेत्र में शिव कॉपर दुकान के बाहर बुधवार अलसुबह करीब 5.30 बजे अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से पास में लगी एक सब्जी विक्रेता की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। वहीं शिव कॉपर दुकान के बाहर रखे कॉपर पाइप के बंडल भी आग में जल गए, जिससे दुकान संचालक को नुकसान हुआ। लोगों ने आग की लपटें और धुआं देखकर तत्काल नगर पालिका की दमकल को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कर्मचारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



निमाड़ क्षेत्र का एकमात्र वृहद शिक्षण संस्थान समूह

सरदार पटेल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस, सेंधवा

• D.Pharma 2 Year Course
• B.Pharma 4 Year Course
योग्यता- 12वीं जीव विज्ञान/गणित विषय में उत्तीर्ण 45% अंक के साथ. अजा, अजजा, पि. वर्ग के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।
प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95846 39000, 74899 22121
कॉलेज कैंपस - ग्राम सिलदड़ एवं चाटली (सेंधवा)
सिटी ऑफिस - शिव कॉलोनी, निवाली रोड, सेंधवा
90097 22208, 98268 46868
74899 22123, 95846 39000

तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रम
B.E. CS, ME, EC, Civil, EE, Fire Tech & Safety
4 Year Course, योग्यता: 12वीं उत्तीर्ण (गणित विषय)
POLYTECHNIC
ME, Civil, EE 3 Year Course, योग्यता: 10वीं उत्तीर्ण
प्रवेश हेतु संपर्क करें... 90099 89208, 84359 89208, 98269 33134

शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
B.P.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता: किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर
M.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता - बी.एड. / डी.एल.एड. एवं स्नातक
प्रवेश हेतु संपर्क करें...
7697889208, 74899 22125, 74899 22126, 9131779768, 95846 3900

विधि शिक्षण पाठ्यक्रम
L.L.B. 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम
विद्या ददाति विनयं
प्रवेश हेतु संपर्क करें... 9516489208,9826846868, 95846 39000

व्यावसायिक प्रबंधन शिक्षा पाठ्यक्रम
MBA 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता : स्नातक किसी भी विषय में
उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार
SC/ST/OBC के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।
प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95164 89208, 90099 89208